कि इस संबंध में सरकार को जल्दी ही कोई निर्णय लेना चाहिए और वर्तमान चुनाव आयोग, जिसने खुद यह स्वीकार किया है कि जो मल्टी बाडी इलेक्शन कमीशन है, इस के संबंध में सारी चीजों पर विचार करना चाहिए । इसके साथ ही हमारा यह भी सुझाव था कि जो इलेक्शन कमीशन है, इनकी नियुक्ति की जो शर्तें हैं, उसमें जो एग्जीक्यूटिव है, कार्यकारी है उसकी परिधि से बाहर रखना चाहिए । इसके संबंध में सुझाव आए हैं, जिन्हें दोहराने की जरूरत नहीं है । लेकिन मुझे पूरी आशा है कि इस संबंध में सरकार विचार करेगी । एक माननीय सदस्य ने इस बात की चर्चा की कि अगर इलेक्शन कमीशन की नियुक्ति में सुप्रिम कोर्ट के चीफ जस्टिस का हाथ होगा तो फिर मुकदमें या इलेक्शन पिटीशन जजों के सामने जाएंगे । तो हमें ख्याल पड़ता है कि राष्ट्रपति का जो चुनाव होता है उनका इलेक्शन पिटीशन सुप्रीम कोर्ट में जाता है । जहां तक मैं समझता हूं, मेरी बात की पुष्टि भारद्वाज जी करेंगे कि सुप्रीम कोर्ट के जजों की नियक्ति भी राष्ट्रपति ही करते हैं, लेकिन जब वे राष्ट्रपति निर्वाचित हो जाते हैं तो उनका इलेक्शन पिटीशन भी सुप्रीम कोर्ट में ही चलता है और ऐसे जज उनको सुनते हैं जो उनके द्वारा ही नियुक्त हों । मैं उनकी नीयत पर कोई शक नहीं कर रहा हूं लेकिन यह वास्तविकता है । इसलिए मेरा सुझाव है कि मेरे संशोधन को आप स्वीकार करें ।

श्री एच० आर० भारद्वाज : महोदया, मैंने पहले ही अर्ज किया था कि चाहे मालवीय जी हों या हमारे पक्ष के सदस्य हों, सब ने यह कहा है कि इलेक्शन पर जो कानून हैं उनमें संशोधन होने चाहिएं, रिफार्म होने चाहिएं, लेकिन हर एक की दृष्टि उसके लिए अलग अलग है । जो लोकदल की दृष्टि है वह अलग है, बी० जे० पी० की अलग है, सी० पी० एम० की अलग है, डी० एम० के० और ए० डी० एम० के० की अलग है । किन्तु उनके जो सजेशन्स हैं उनको हम आपस में मिल बैठकर तय कर सकते हैं, उन पर विचार कर सकते हैं । जहां तक बेसिक कमिटमेंट है वह तो आपका और हम सब लोगों का यही है कि इनमें रिफार्म लायें, इससे ज्यादा बार-बार कहने से कोई फायदा नहीं है ।

श्री सत्यप्रकाश मालवीय : महोदया, चूंकि सरकार की ओर से मंत्री जी ने आश्वासन दिया है और मुझे पूरा भरोसा है, यकीन है कि जल्दी इस आश्वासन की पूर्ति होगी । देश के हित में, लोकतंत्र के हित में और देश में स्वतंत्र चुनाव और निष्पक्ष चुनाओं के हित में आप इस कानून में संशोधन करेंगे, इसी अपने विश्वास के साथ मैं आपकी अनुमति से अपना विधेयक वापस लेता हूं ।

The Bill was, by leave, withdrawn.

THE CONSTITUTION (AMENDMENT BILL, 1985.

(TO AMEND ARTICLE 311)

DR. BAPU KALDATE (Maharastra): Madam, Deputy Chairman, I beg to move:

> "That the Bill further to amend the Constitution of India be taken into consideration."

उपसभापति महोदया, मैं संविधान में संशोधन करने के लिए अपना विधेयक पेश करता हूं । इस विधेयक को अगर स्वीकार नहीं किया जाएगा तो देश में जो मजदूरों का आन्दोलन है, जिसके सशक्त बनने की प्रक्रिया चल रही है उसको क्षति पहुंचेगी और इसका मुझे बहुत खतरा लग रहा है ।

महोदया, इस संशोधन विधेयक की तरफ आने से पहले मैं कुछ बुनियादी बातें लोकतंत्र के बारे में कहना चाहता हूं कि सुप्रीम कोट का 11 जुलाई, 1986 का जो फैसला है, वह लोकतंत्र के बुनियादी सिद्धांतों के खिलाफ जा रहा है । जहां तक हम पढ़े हैं लोकतंत्र को वहां तक हमको यह बारबार सिखाया गया कि—

There are four basic tenets of democracy. There are two 'from' and two 'of'. One is freedom from want and the other is freedom from fear. The third is freedom of expression and the fourth is freedom of worship.

[Dr. Bapu Kaldate]

इसमें दो फोम हैं और दो ऑफ हैं ये कई हो सकते हैं, इनकी सूची बड़ी हो सकती है, लेकिन बेसिकली ये चार हैं। मैं मानता हूं कि सुप्रीम कोर्ट का फैसला दो को क्षति पहुंचाने वाला है। आप कहते हैं कि प्रजातन्त्र के लिए जरूरी है कि देश की जनता निर्भय हो। . . .

श्री कल्पनाथ राय (उत्तर प्रदेश) : निर्भय होकर चोरी करें ? . . . **(व्यवधान)**

डा० बापू कालदाते : निर्भय होकर चोरी करे तो उसके लिए आपके पास बहुत कानून हैं, इसमें आप मत फंसाइए। इसका मतलब यह नहीं है कि हम उनसे चोरी करवाएंगे, हम चाहते हैं कि सत्ता का डंडा लेकर आप किसी को जेल में बंद न करें। उसको हम डैमोक्रेसी नहीं कह सकते हैं।

श्री कल्पनाथ राय : हाजी मस्तान हो जाएं ? . . . **(व्यवधान)**।

डा० बापू कालदाते : वैसे मैं इसमें नहीं जाना चाहता था। पहले शुरू करते ही ये जरा डर रहे हैं। जो ज्यादा डरे होते हैं वे ज्यादा हरकते करते हैं। मैं तो कुछ सिम्पल प्रपोजिशन्स लेकर आपके सामने खड़ा हुआ हूं। मैं यह मानता हूं कि देश में लोग निर्भय बनें। यह जो अमेंडमेंट 42 है यह कब आया अगर आपको पता है तो शायद यह इमेरजेंसी में आया हुआ अमेंडमेंट है। There was a case of Chellapan in 1975. And this is my information, I may be wrong, but what I have read is that the Forty-second Amendment was passed in 1976. लेकिन मैंने इसको पढ़ा नहीं है। अगर उस समय आया है, मैं समझता हूं उसी समय आया है लेकिन अगर नहीं आया है तो मैं इसको छोड़ देता हूं। अमेंडमेंट में यह है कि लोगों को लगातार यह डर रहता है कि सरकार के उच्च पदस्थ अधिकारी कभी भी किसी को निकाल सकते हैं। इसमें 2 (ए, बी, सी) जो प्रोविजन है इसमें से 'बी' और 'सी' बहुत खतरनाक है। 'ए' के बारे में बाद में बताऊंगा। मुझे लगता है इसका असर बहुत बुरा पड़ रहा है। आप लोगों ने भी सारे देश में इसका असर देखा होगा। आप इस को समझिये। 11 तारीख को फैसला हो गया। मैं आप को बयान देकर बताऊंगा जिसमें सिर्फ अपोजिशन के लोग नहीं हैं जिसमें मजदूरों के साथ काम करने वाले एक सक्षम, एक निर्भय मजदूर कार्यकर्ता ललित माकन जैसे कार्यकर्ता हैं। जो लोकसभा के सदस्य भी रहे हैं और एक अति निर्भय मजदूर नेता की हैसियत से उन्होंने काम किया है। यह सदन जानता है और हम भी जानते हैं। जहां-जहां लड़ाइयां चलती रहीं, जहां-जहां मजदूरों के संघर्ष होते रहे उनमें बड़ी निर्भयता से, उन्होंने अपने पक्ष के बारे में, कभी-कभी लोकसभा में भी कहा। यह हम सब लोग जानते हैं। मैं इसको इसलिए आपके सामने रख रहा हूं कि इस पर प्रतिक्रिया हुई है। 11 तारीख को फैसला हुआ, मेजोरिटी फैसला हुआ मैं इसके बारे में आगे कहूंगा। लेकिन इसकी प्रतिक्रिया बहुत तीव्र रही, खासतौर से मजदूरों के अन्दर तीव्र रही। मैं अपनी तरफ से नहीं कह रहा हूं। जो यहां के मजदूर आन्दोलन हैं, उन्होंने जो प्रतिक्रिया व्यक्त की है, अखबारों ने जो प्रतिक्रिया व्यक्त की है उन में से कुछ पढ़ कर अवश्य आपको सुनाना चाहता हूं। पहले तो ललित जी की प्रतिक्रिया आपके सामने रखना चाहता हूं :

Lalitji has said on 16th July, 1985: The judgement had put the 12 million Government employees in jeopardy. Who will determine as to whether the disposal is in the public interest? Employees will have to depend on the mercy of the bureaucrats.

यह मैं नहीं कह रहा हूं । यह ट्रेड यूनियन के सक्षम नेता कह रहे हैं । अगर यह 311 का फैसला मान लिया जाय, 311(2) में कोई तबदीली न की जाय, इसमें कोई तरमीम न की जाये, इसमें कुछ बदला नहीं जाये तो all the employees will be at the mercy of the bureaucrats. क्योंकि 'बी' और 'सी' लागू हुए हैं जिसके कारण इसका बाजू निकाल दिया गया है । 311(.1) जो है इसमें सबसे बड़ी दिक्कत यह है that all the employees, not a small section, as he has rightly said 2 milion employees, will be affected by this. दूसरी जो आल इंडिया एसोसिएशन है उसकी प्रतिक्रिया भी बताना चाहता हूं This is what the All-India Trade Union Congress has said:

"The latest judgment of Supreme Court had upset its own previous full bench judgment regarding article 311(2)(b) of the Constitution. As such, it was a retrograde step giving full powers to the bureaucracy that had 'already earned notoriety' for its resort to victimisation and termination of Union activities.

And this is very important. It further says:

"The judgment, had knocked out the basic principle of natural justice that no one could be punished without being heard and allowed to defend. Thus it amounted to a mockery of fundamental rights."

The Government Employees' National Confederation has said:

"The verdict snatched the fundamental right of a government employee to get an opportunity to explain his case under article 311(2)(b) of the Constitution before dismissal or removal for any alleged offence. The Confederation said the decision could again strengthen the hands of bureaucracy and political authority in the democratics set up of the country."

यह बात तो इन लोगों ने कही है । श्री भाटिया जी यहां पर बैठे हुए हैं । वे कानून की बात करेंगे । वे कानून के विद्वान हैं, मुझ से ज्यादा विद्वान हैं, इसमें कोई संदेह नहीं है, लेकिन मैं आपका ध्यान श्री कृष्णा अय्यर जो जज रह चुके हैं, उन्होंने जो कुछ कहा उसकी तरफ आकर्षित करना चाहता हूं । उन्होंने कहा है :

"Justice Krishna Iyer described the recent Supreme Court judgement on dismissal of government servants as retrograde and dangerous. He said that it was an example of class bias of the judiciary. The judgment, though well written and readable, was a negation of the spirit of the Constitution and was violative of the Fundamental Rights under Articles 14, 19 and 21. The judgment imperilled the security of service of the civil servants. There were only two remedies to correct the situation—first, amending the Constitution, and second, referring the matter to Full Bench of the Supreme Court. The Supreme Court arrived at the decision it did because of too much reliance on dictionary."

This is the point. The Supreme Court relied too much on the dictionary.

"We were not governed by dictionary but by the Constitution."

इस फैसले की तरफ हिन्दुस्तान में जो भी ट्रेड यूनियन संगठन हैं, जो भी इम्प्लाइज हैं, उनका ध्यान गया है और वे सब के सब इस फैसले के खिलाफ खड़े हो गये हैं । मेरा ख्याल है कि बहुत कम मौके एसे आए हैं, जब सब लोग एक हुए हों । दाम बढ़ने के खिलाफ, पे-स्केल बढ़ाने के लिए, काम के घंटे कम करने के लिए और अन्य फैसिलिटीज दिलाने के लिए मजदूर संगठनों ने

[डा० बापू कालदाते]

हड़तालें की हैं, सत्याग्रह किया है, लेकिन यही एक ऐसा मुद्दा है जिसके बारे में हिन्दुस्तान की सारी ट्रेड यूनियनों ने 26 फरवरी को इस देश में वन डे स्ट्राइक की । यह एक ऐसा मुद्दा था जो अन इकोनोमिक था, यह कोई आर्थिक सवाल नहीं था । मजदूर लोग ज्यादा पेमेंट या ज्यादा सहूलियतों की मांग नहीं कर रहे हैं । इसमें एक बैसिक सवाल था, फ्री फ्राम फीयर, भय से मुक्ति का स्वाल है...(**व्यवधान**) । अगर कोई गैर-कानूनी काम करे तो आप उसको सजा दीजिए । भय से मुक्ति का मतलब यह नहीं है कि आप गैर-कानूनी या गलत काम कीजिए । मगर कोई काम नहीं करता है तो आप उसको सजा दीजिए । मेरी समझ में नहीं आता कि भय से मुक्ति का अर्थ यह क्यों लगाया जाता है कि आप जो मर्जी आए, वह कीजिए । लेकिन हमारा यह कहना जरूरी है कि अगर आप किसी को सजा देते हैं तो उसको सुनने का मौका भी दीजिए । कई बार यह देखने में आता है कि जो बड़े-बड़े अधिकारी हैं वे कानूनों का गलत फायदा उठा लेते हैं । इमरजेंसी में क्या हुआ, यह किसी से छिपा हुआ नहीं है । उस समय की प्रधान मंत्री ने कहा कि मुझे तो पता ही नहीं था कि इतने लोग गिरफ्तार कर लिये गये हैं, हमने उनको गिरफ्तार करने के लिए नहीं कहा था । मैं अपनी बात कहता हूं, मैंने कोई चोरी नहीं की, हमको भी दो साल जेल में रहना पड़ा । हमने सिर्फ महात्मा गांधी का नाम लिया था । क्या महात्मा गांधी का नाम लेना चोरी करना है ? हमने कोई गुनाह नहीं किया था । आप जो भी कानून तैयार करते हैं उसमें यह देखना चाहिए कि गुनाहगार को तो सजा मिले, लेकिन एक भी बेगुनाहगार को सजा नहीं मिले । कोई गुनाहगार सजा पाने से भले ही छूट जाय, लेकिन किसी एक भी बेगुनाहगार को सजा नहीं मिलनी चाहिए । इसलिए मैंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद कर्मचारियों में जो घबड़ाहट पैदा हुई है उसके उचित कारण हैं । उन लोगों को भय है कि कहीं इस कानून का दुरुपयोग न हो जाय । इस दुरुपयोग के कारण इस देश में जिस सक्षम ढंग से ट्रेड यूनियनें चलनी चाहिएं वे नहीं चल सकती हैं ।

क्या आप नहीं जानते हैं कि जब कभी स्ट्राइक्स होती हैं, मजदूरों की तब सबसे पहले यह काम होता है कि वहां जो एक्टिविस्ट लोग हैं, उनको निकाल दिया जाता है, किसी न किसी बहाने निकाल दिया जाता है और फिर उन पर डिसिप्लिन की कार्रवाही चलती रहती है । 1974 में रेलवे की स्ट्राइक हुई । मैं आपको याद दिलाना चाहता हूं कि जब स्ट्राइक हुई, तो श्वेत-पत्र निकाला गया, उस रेलवे स्ट्राइक के खिलाफ, उसको कुचलने के लिये आप ने सारी कानूनी व्यवस्था कर दी और लाखों मजदूरों को नौकरी से हटा दिया गया कि घर जाइये । जनता पार्टी का राज आने पर ही उनको रीएस्टेबिलिश्ड किया गया उनको वापिस किया गया । जो उन लोगों को आपने निकाल दिया तो उनको यह अधिकार नहीं था, Freedom of organisation is also a fundamental right. संगठन करने का हमारा अधिकार है, जिससे हमको कोई वंचित नहीं कर सकता । मेरे ऊपर अगर अन्याय होता है, तो मेरा फर्ज बन जाता है कि उसका मुकाबला करूं । कोई भी गरीब आदमी अकेले इन अन्याय का मुकाबला नहीं कर सकता । जो धनी लोग हैं, वे पैसे का बोझ डालकर उस अन्याय को दुरुस्त कर सकते हैं । लेकिन जो गरीब लोग हैं, उनके पास एक ही शक्ति है, संगठन शक्ति । यह संगठन शक्ति अपोजिशन वालों की ट्रेड यूनियनों में है । कांग्रेस की ओर से भी ट्रेड यूनियनें चलायी जाती हैं । इंटक जिसको आप कहते हैं, इसको आप ही चलाते हैं । यह भी हो सकता है कि वहां के अधिकारियों को अगर लगे कि इंटक एक मजबूत संगठन है और वे अपने संगठन के बल पर जोरदार संघर्ष कर रहे हैं, तो इस धारा 311(2) के तहत उनको भी निकाला जा सकता है । इसमें जो लिखा है, उसको मैं पढ़कर बताना चाहता हूं ।

यह बड़ा अजीब है। इसमें है अगर अथारिटी राइटिंग में उनका एक्सप्लेनेशन नहीं ले सकती हैं, तो बगैर पूछे उनको निकाल सकते हैं। For some reasons. Who is going to decide the reasons? "Some reasons" means at the mercy of the bureaucrat. He can come and say, 'No, I cannot take the evidence in writing.' " यह हो नहीं सकता, बड़ा लम्बा है। इससे कोई फायदा होने वाला नहीं है। इस में 311 (2) (बी) में है कि निकाल दो। जब निकाल दिया तो उसके लिये कोई चारा नहीं है। Remove, dismiss, whatever you can do. इतनी पावर किसी भी सरकार और ब्यूरोकेट के हाथ कभी भी नहीं रहने देना चाहिये। अगर आपको लोकतन्त्र को दुरुस्त रखना है, तो इतनी दण्ड शक्ति अगर आप किसी के हाथ में देते हैं तो यह मत भूलियेगा कि Power corrupts and absolute power corrupts absolutely. इतनी शक्ति अगर आप उनको प्रदान करते हैं, तो इसमें उनके करप्ट होने की संभावना है। अगर आप उनको अबसोल्यूट पावर देते हैं, तो इससे एबसोल्यूट करप्ट होने का खतरा है। इसलिये मुझे लगता है कि इसमें जो आपने अधिकारियों को उनको निकालने की पावर दे दी है, वगैर इजाजत के, वगैर पूछे बिना सुनवाई के, बिना नेचुरल जस्टिस दिये हुए, यह उचित नहीं है। जो भी प्रावधान 311 (2) (ए) (बी) (सी) में है, इस प्रावधान को हम कभी स्वीकार नहीं करेंगे। हमको नहीं लगता था कि इसका दुरुपयोग हो सकता है, इसलिये चुप बठे थे, क्योंकि अभी तक जो भी फैसले निकले हैं, उनमें किसी ने भी इस प्रावधान का आश्रय नहीं लिया और इस तरह की दमन शक्ति की जो प्रक्रिया है, वह मजदूर संगठनों में अभी तक नहीं आई थी, लेकिन इस फैसले के बाद सब मजदूर संगठनों पर इसका प्रभाव होगा। मैं इसको सियासी ढंग नहीं देता। एक बुनियादी लोकतान्त्रिक सामाजिक कार्यकर्ता होने के नाते मैं जानता हूं कि लोकतन्त्र में कई खामियां होती हैं, मैं यह भी जानता हूं कि लोकतन्त्रीय प्रक्रिया धीमी होती है, मैं यह भी जानता हूं कि लोकतन्त्र में कुछ गुनहगार शायद छूट सकते हैं। लेकिन जिसकी बुनियाद पर निष्ठा हो, उसकी सारी खामियां देखते हुए भी ऐसा कोई कदम नहीं उठाना चाहिये, जिसके कारण लोक शाही को मानने वाले या उसकी व्यवस्था को मानने वाले किसी भी व्यक्ति पर उसका हमला हो। इसलिये मैं बहुत गम्भीरता के साथ सदन का आह्वान करने के लिये यह विधेयक लाया हूं। इस विधेयक के जरिये मैं इस बात को आपके सामने लाया हूं जो कि आप को देखनी चाहिये। अब थे जो इसके रीजन्स हैं उस पर जाता हूं, सुप्रीम कोर्ट के फैसले के रीजन्स में जाता हूं। यह फैसला, आप जानते हैं, भाटिया जी जरूर जानते होंगे और भी बहुत से लोग जानते हैं कि तुलसी राम पटेल के मामले पर जो कार्यवाही चली उसके कारण यह चीजें सही मायने में निकली। तुलसी राम पटेल एक परमानेंट आडिटर था रीजनल आडिट आफिस, एम०ई०एस० जबलपुर के कार्यालय में इन्होंने एक गुनाह किया और इस गुनाह के कारण इनको सजा हो गई। इनको जो सजा हुई वह आई० पी०सी० की धारा 332 के तहत हुई। वहां के कट्रोलर जनरल आफ डिफेंस जो डिसिप्लीनेरी अथार्टी थी उसने उसको डिसमिस किया और इस सजा को ले कर इस में 311 का हवाला है। 311 (ए) (बी) (सी) में से 311 (ए) का हवाला है उसके तहत इनको निकाला गया है। अब वह हाई कोर्ट में चले गये। उससे पहले 1975 में मिस्टर चलप्पन का एक केस आ गया। इस केस में उसको डिसमिस कर दिया गया जिसमें यह फैसला दिया गया कि उनको सुने बगैर डिसमिस करना ठीक नहीं है। यह मध्य प्रदेश हाई कोर्ट का फैसला है। तुलसी राम पटेल को सेंट्रल सिविल सर्विसेज रूल्ज, 1965 की धारा 19 की क्लाज 1 में कम्पलसरी रिटायर कर दिया गया। अब रिटायरमेंट मिलने के बाद वो मध्य प्रदेश हाई कोर्ट में गये। वह हाई कोर्ट

(डा० बापू कालदाते)

में आर्टिकल 226-227 आफ दी कांस्टीट्यूशन के तहत गये। ऐसे कई मसले अन्य हाई कोर्टस में भी पड़े थे। मध्य प्रदेश हाई कोर्ट इस नतीजे पर आया कि

What did that High Court held? The High Court held that no opportunity had been given to the respondent before imposing the penalty of compulsory retirement, and on the basis of Chellappan's case the order is defective. मध्य प्रदेश हाई कोर्ट ने यह फैसला किया चलप्पन के केस को ध्यान में रखते हुए जो आर्डर कंट्रोलर जनरल ने दिया है वह आर्डर डिफेक्टिव हैं, दुरुस्त नहीं हैं अब यह भी केस आ गया तो यह सारे केसेज मिल कर के पांच जजों की कांस्टीट-यूशन बेंच के सामने सुप्रीम कोर्ट में चले गये। यह बहुत दिनों तक चला। इस बेंच में भूतपूर्व मुख्य न्यायाधीश श्री चन्द्रचूड, जस्टिस ठक्कर, जस्टिस तुलजापुरकर, जस्टिस मदन तथा जस्टिस पाठक थे। पांच पांच जजों की बेंच के सामने यह केस आया तो उन्होंने यह मेजोरिटी डिसीजन लिया कि जो कार्यवाही कंप्लसरी रिटायरमेंट की की गई वह उचित है लेकिन उस में जस्टिस ठक्कर ने डिस्सेंटिंग नोट लगाया। मैं दोनों आपके सामने इसलिए पढ़ना चाहता हूं, इन्होंने भी वही आर्ग्युमेंट किया है, इनके ग्राउंडज क्या हैं, किन बुनियादी बातों पर उन्होंने यह फैसला किया, यह मैं आपको पढ़ कर सुना देना चाहता हूं। उन्होंने मिजोरिटी डिसीजन में यह कहा है। The main argument in Chellappan's case, I will give you:

> "This principle of natural justice having been expressly excluded by the Constitutional provision, namely, the second proviso to clause 2 of article 311, there is no scope for reintroducing it by side door to provide once again the same enquiry which the Constitutional provision has expressly prohibited."

उनका एक ही बेसिक अरेंजमेंट रहा कि हम क्या करें। 311(2) में एक्सप्रेसली यह कहा है provided that this will not apply. यह एप्लाई ही नहीं करता है और उसमें यह आ जाता है क्योंकि 311(1) के मुताबिक जो भी कुछ एक्सप्रेसली नहीं आ सकता है, 311(1) में जो नहीं आ रहा है और 311(2) के ए० वी० सी० में आते हैं तो हम क्या करें इसमें जो प्रिंसीपुल आफ नेचुरल जस्टिस की बात है जो सही है, होनी चाहिए It is already excluded by the clause itself. तो हमारी मांग तो इसके लिए है जो क्लाज नेचुरल जस्टिस को एक्सक्लूड करता है किसी कारणवश हो, वह क्लाज हमको नहीं चाहिए किसी कारणवश जो नैसर्गिक न्याय की प्रक्रिया है। ऐसे लेटिन वार्डस हैं जो मेरी समझ में नहीं आते हैं लेकिन हियरिंग द अदर साइड जिसको एक सादी अंग्रेजी में कहा जाये कि दूसरों को सुनने का मौका चाहिए तो बहुत ही कुछ गड़बड़ है आप ही कहेंगे जब आप जवाब देंगे। नेचुरल जस्टिस कैसे हो सकता है जब वह एक्सक्लूड कर दें 311 से, 1975 में आपने 21वां एक्सक्लूड किया था यही आरग्यूमेंट कहा था श्री सेन साहब ने when the emergency is there. 21 is out. So, 21 was out and we were in jail. अगर आपका मर्डर भी किया जाये तो भी आपको कोई अलग रास्ता नहीं है, यही आरग्यूमेंट हुआ उस समय। अच्छा हुआ कि हमको आपने मारा नहीं, हो सकता है मार भी देते तो हमारे पास रास्ता नहीं होता because it was an emergency. इमरजेंसी में मार सकते थे, जेल में भेज सकते थे जो कुछ करना चाहते थे इसी के कारण उस समय हमने झगड़ा किया था। इसी के कारण कहा था। No Government has any power in the name of democracy. You form your separate dictatorial Government. I have no objection for that. Then we will fight. That is a different matter. But if you say you are a democratic Government, then your government should not use this sort

of power, where the principle of natural justice is excluded on this or that ground.

हमारी तो यह मांग जरूर रहेगी कि इस बात को आपको नहीं करना चाहिए। दूसरा भी उन्होंने कहा :

The second proviso is based on public policy and is in public interest and for public good and the Constitution makers, who inserted this in Article 311(2) were the best persons to decide where such an exclusionary provision should be there in the Constitution in which this proviso should apply.

तो उनका कहना यह रहा कि भाई जो कांस्टीट्यूशन असेम्बली के विद्वान लोग बैठे थे उन्होंने अपनी बुद्धिमता के मुताबिक उनको जो देश की इंटरेस्ट में बात सूझी उसके मुताबिक उन्होंने यह प्रावजन डाला। इसमें रखना है या निकाल देना है तो they are the best judges.

तो हमसे उनका कहना यह है कि हम हैं, ये संसद् सदस्य हैं, ये राज्य सभा के सदस्य हैं, ये लोग इसके बारे में फैसला करें क्योंकि आप ही लोगों ने फैसला किया, उसके मताबिक हम लोगों ने जजमेंट किया तो आप करिये इसके लिए मैं आया हूं राज्य सभा के सामने कि हम लोग इसके बारे में एक दफा फिर से सोचें और अपनी विजडम इस तरफ लगायें कि लोकतंत्र को क्षति पहुंचाने की कोई भी चीज हमारे संविधान में न हो। यह अगर हम चाहते हैं तो इसके लिए मैं सारे सदन से आग्रह करता हूं प्रार्थना करूंगा कि सुप्रीम कोर्ट अगर यह कहता है कि हमारी विजडम के ऊपर सारा निर्भर है तो हम सब लोग अपनी बुद्धिमता से और हमारे जो सामाजिक कमिटमेंट हैं, जो बाध्यताएं हैं तथा समाज के साथ जो जुड़े हुए हैं उनके मन में जो कुछ भी आकांक्षा हैं उनका प्रतिनिधित्व करने के लिए अगर हम खड़े हुए हैं तो इसके बारे में सोचें। अगर आज लाखों मजदूरों के मन में भय पैदा होगा कि ब्यूरोक्रेसी की मर्सी पर उनकी मेहरबानी पर कृपा पर हमको चलना पड़ेगा तो मुझे लगता है कि इस डर को दुरुस्त करना लोकतंत्र के लिए ही नहीं उसके लिए तो आवश्यक है ही लेकिन एक सक्षम व्यवस्थित सुचारू रूप से चलने वाली जो मजदूरों की शक्ति है उनकी बारगेनिंग पावर को भी हम मजबूत बना सकेंगे और उनके मन से भय निकालकर उनको इस देश की प्रगति की विकास की जो भी सारी प्रक्रिया है ... उसमें उन का सहयोग ज्यादा मिलने के लिए यह आवश्यक है, ऐसा मैं खुद मानता हूं। जैसी उन्होंने माइनारटी जजमेंट दी है ठक्कर साहब ने, इस ठक्कर साहब के जजमेंट में उन्होंने फिर से एक दफा वही दोहराया है।... (**व्यवधान**) तो इसके लिए न्यायपालिका ने यह कह दिया है कि क्या करें, 311(बी) और (2)(बी) तथा (सी) में यह लिखा है कि उसमें नेचुरल जस्टिस एक्सक्लूड कर दिया है, तो हम क्या करें? ऐसे लिखा है। उन्होंने यह भी हम लोगों से कहा है कि आपने ही संविधान पारित किया है, आप ही उसको दुरुस्त कर सकते हैं।

इसीलिए तो आपके पास आया हूं कल्पनाथ राय जी कि यह जो उन्होंने कहा है, उसका हवाला लेकर मैं राज्य सभा में आया हूं कि हमीं लोग उसको दुरुस्त करें, ताकि न्यायपालिका को इस ढंग की आवश्यकता न महसूस हो जाए।

Therefore, I am here.

उन्होंने जो कहा है, ठक्कर साहब ने उसमें लिखा है—

—"And there is no compulsion to overrule it—even if the other point of view were to appear to be more 'attractive' it is neither a good nor a sufficient ground to overrule Challappan."

शब्द भी उन्होंने बहुत इस्तेमाल किया कि लगने में बहुत आकर्षक लगता है —

—"After all what does Challappan do? It does no more than enjoin in the context of Rule 14(1)(a) and therefor, as a logical corollary, also in the context of Rule 14(1) (b) of the Railway Servants (Discipline and Appeal) Rules, 1968, that an emplo-

[डा० बापू क बदाते]

yee must at least be heard on the question of quantum of punishment before he is dismissed or removed from service without holding an inquiry. The ratio of the decision is so innocuous that there is hardly any need to overturn it."

उनका तो कहना यह रहा कि कोई आवश्कता नहीं थी ऐसे ढंग की आपको देने की,क्यों कि जो चलप्पन केस में फैसला किया, एक दफा कम से कम उनको सुनो, इसको ओवररूल करने की कोई आवश्यकता नहीं थी। ऐसा इसमें उनका कहना रहा है।

अब दो-तीन बाते, अन्य चीजें हैं जो इससे निकल आ सकती हैं, मैं उनकी तरफ सिर्फ आपका ध्यान खीचूंगा और फिर अपनी बात को समाप्त करूंगा। मैं दो-तीन बातें इसलिये कहना चाहता हूं कि हम सब लोग इस राय के हैं कि देश की अर्थ-व्यवस्था का पिवट केन्द्र बिंदू, परिवर्तन की आवश्यकता जिसमें हो, यह केन्द्र बिंदू सार्वजनिक उपक्रम हो — सारे भाषणों में आपने भी कहा, आपकी तरफ से भी कई कांग्रेस पार्टी के सदस्यों ने भी बड़ा जोरदार समर्थन करके कहा कि इस देश में सार्वजनिक उपक्रमों को ऐसे प्रतिष्ठित करना चाहिये—

—That should be the lever of the whole process of change in this country.

कि सारे परिवर्तन की प्रक्रिया यह केन्द्र बिंदू बने और उसके आधार पर देश की परिवर्तन की प्रक्रिया समता की ओर चलती रहे।

इसका एक दूसरा भी अर्थ होता है कि देश धीरे-धीरे अब तो बढ़ ही रहा है, ऐसा आप भी कह रहे हैं और मैं भी मानता हूं कि बढ़ेगा ही। कोई चाहे नहीं चाहे, तो भी बढ़ेगा। अगर यह सार्वजनिक उपक्रम बढ़ते जायेंगे तो इस सार्वजनिक उपक्रमों में नये लोगों की संख्या भी धीरे-धीरे बढ़ती जायेगी, नये कानून निकलेंगे, नई-नई प्रक्रियायें चलती रहेंगी। तो सरकार और क्वासी, निम्न सरकारी क्षेत्रों में इम्पलायीज की या उनके यहां काम करने वाले लोगों की संख्या धीरे-धीरे बढ़ती जायेगी और बार-बार ट्रिपार्टाइट कानफ्रेंसेज में हिन्दुस्तान की सरकार से यह कहा गया है कि—

—They are the best employers.

ऐसे कहते हैं। मैं इसके लिये सुझाव ला रहा हूं कि जो आशंका आज ट्रेड यूनियंस और मजदूरों के मन में आई है, उसको अगर यह 311(2) जिसको मैंने कहा कि इसको ओमिट कीजिये, यह जो 311(2) और (3) है, अगर इसको आप तुरन्त ओमिट करेंगे, तो यह हो सकता है कि आप भी एक अच्छे इम्पलायर हैं। यह जो आप बार-बार ट्रिपार्टाइट कानफ्रेंसेज में कहते हैं, उसको पुष्ट मिलेगी। मैं तो सरकार की इसमें मदद करना चाहता हूं कि सरकार जो बार-बार कहती है कि हम अच्छे से अच्छे इम्पलायर हैं, उसके बारे में जो शंका मजदूरों में आई है, उसको दुरुस्त करने का आपको मौका है। जब कोई पोलिटिकल मामला आता है, तो सरकार बड़ी तेजी से करती है। आप भी जानते हैं कि सी आर०पी० सी० 125 का मामला आ गया शाह बानो केस में और जब आपको लगा कि इसका राजनीतिक असर हो रहा है तो तुरन्त सदन में आकर आपने एक अलग से कानून बनाकर कोई व्यवस्था कर दी मुस्लिम महिलाओं के बारे में और यह कितना अच्छा है तथा कितना बुरा है इस समय इस बहस के लिए समय नहीं है।

When you feel a political necessity, you run, you rush.

परन्तु आप भागकर यहां आ गए और आपने कहा कि इसको बदलना बहुत आवयश्क हैं। ये 20 लाख मजदूर यहा नहीं कि इनकों जब चाहे निकाल दो। यह बढ़ने वाला क्षेत्र है और अगर बढ़ने वाले क्षेत्र में यह भय रहेगा कि उनके जो अधिकारी हैं वे कभी न कभी उनको निकाल सकते हैं तो यह ठीक नहीं। इसके लिए आप जरा समझदारी से काम लें तीव्रता से सोचें कि,

This is the sector which helps the developmental processes in this country.

वहां खामियां हैं, गलतियां हैं लेकिन अलग अलग ढंग की होती हैं। शायद कुछ लोग गुनाह भी कर सकते हैं। क्या हम गुनाह नहीं कर सकते हैं कौन नहीं करता हैं। उन पर आप कुछ रहम करो। सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में हम भी गलतियां करते हैं। हम खुद अपने आपसे पूछें। क्या हम गलतियां नहीं करते हैं? जैसे आप ही बार-बार हमारे नेता पर इलजाम लगाते थे, उसको मैं छोड़ देता हूं। हम लोग भी गलती करते हैं, लेकिन इसका मतलब यह है कि हमने अगर गलती की तो ऐसा कानून जारी करें जिसमें बगैर गलती करने वाले भी सजा पा सकें। ऐसे कानून हम खुद के लिए क्यों नहीं बना रहे हैं? जो डिवेलपमेंटल एक्टीविटीज में सब से बड़ा हिस्सा लेने वाला मजदूर वर्ग है, जो गवर्नमेंट एम्पलाईज हैं, अलग-अलग प्रतिष्ठानों में काम करने वाले लोग हैं उनके मन में यह भय पैदा करेगा और इससे काम नहीं चलेगा। मैं एक बहुत पुराने बुजुर्ग कामगार नेता, मजदूर नेता स्व० श्री एम०एन० जोशी जी का उल्लेख करता हूं, स्वतंत्रता पूर्व काल में जो भी मजदूरों के आन्दोलन हुए और जो भी कुछ उस समय इने-गिने महत्वपूर्ण व्यक्ति रहे, जिन्होंने मजदूरों के हित के लिए काम किए, उनकी निर्भयता के लिए और उनको एक संगठित शक्ति बनाने के लिए जिन्होंने प्रयास किए उनमें से मैं श्री जोशी जी को मानता हूं। जो सरकारी काम करने वाले मजदूर हैं उनके बारे में उन्होने कुछ बातें जरूर कहीं थीं और एक नैगेटिव बात कही थी। उन्होने कहा था कि सरकार को यह समझना चाहिए कि सरकारी नौकर या सार्वजनिक प्रतिष्ठान में कार्य करने वाले मजदूर आपके गुलाम नहीं हैं।

It is a contractual and mutual understanding amongst the both.

यह एक कान्ट्रेक्ट है आपस में म्यूच्युअल अंडरस्टेंडिंग है, आपस में समझदारी है। किसके लिए? देश के प्रशासन को ठीक ढंग से चलाने के लिए, देश के विकास की प्रक्रिया को गतिमान करने के लिए। अगर यह 311 का फैसला ऐसे ही जारी रहेगा तो यह बात आप समझ जाइये कि मजदूरों के मन में भय पैदा करने का प्रयास भी ब्यूरोक्रेट्स करेंगे और कहेंगे कि you are my slave.

आप हमारे गुलाम हैं और हम आपके मालिक हैं। वैसे तो आज हालत भी यही है जहां तक आप लोग माननीय सदस्य बैठे हुए है और आप भी दफतरों में फोन करते होंगे। फोन करते-करते आपको भी पता लगता होगा, मैं तो मजाक में कभी कभी फोन करता हूं, हमारा फोन जब कोई उठाता है और हम कहते हैं कि मैम्बर पार्लियामेंट बात कर रहा हूं तो वह कहता है, यस सर, क्या सेवा करें? इसका सही मतलब है कि आपने क्यों फोन किया क्या सेवा करूं, इसका मतलब है कि आप क्यों फोन कर रहे हैं, और आप हमको तंग कर रहे हैं क्योंकि आपके फोन का कोई न कोई जबाब देना पड़ेगा। वे नहीं चाहते और यह होता रहता है कि टालते रहिए। हम प्रेस काउंसिल के मैम्बर बने और यहां के अध्यक्ष महोदय ने हमको मनोनीत किया। आपको आश्चर्य होगा उपसभापति जी कि जो आई एंड बी मिनिस्ट्री है उससे हमको एक महीने तक पता ही नहीं लगा और हमने अखबार में पढ़ा कि कल प्रेस काउंसिल की मीटिंग है। हमने राज्य सभा सचिवालय से पूछना शुरू कर दिया कि आपने कब कागज भेजे, कब नोमीनेशन भेजा? उन्होंने कहा कि हमने तुरन्त भेजा। हमने आई एंड बी में इत्तिला की कि क्या हो गया। पता चला कि नाम स्क्रीनिग के लिए होम मिनिस्ट्री के पास गया। यह मुझे मालूम नहीं था कि जिसको राज्य सभा के अध्यक्ष मनोनीत करते हैं उसका नाम भी स्क्रीनिंग के लिए गृह मंत्रालय के पास जाता है। दो मीटिंग होने के बाद फैसला हो गया उसको अमल में लाने के लिए दो महीनें लगे आई एंड बी मिनिस्ट्री की तो यह हालत है। वहां के बैठे हुए जो सब लोग है, बड़े पालिश्ड हैं, अच्छी भाषा बोलते है, लेकिन काम की हद तक कुछ नहीं

[डा० बापू कालदाते]

करते हैं ? अगर हमारे साथ इनका यह व्यवहार होता है तो आप क्या मानते हैं कि उनके साथ काम करने वाले जो निम्न स्तर के लोग हैं, उनसे कैसा व्यवहार कर सकते होंगे ? हम मानते हैं कि सब कुछ उनके साथ कर सकते होंगे और इसलिए मैं उनके हाथ में शक्ति नहीं देना चाहता हूं, बिल्कुल शक्ति नहीं देना चाहता हूं, जिसके कारण मजदूर मेहनत करने वाला मध्यम क्लास का आदमी या बाबू या लोअर कैडर वाला यह महसूस करे कि वह उनका गुलाम होकर बैठा हुआ है। यह आज उनका मन है और मैं यह इसलिए कह रहा हूं कि उसके मन को समझने का प्रयास हम लोग करें। अब जैसा कृष्णा-अयर साहब ने कहा कि यह डिक्शनरी के मीनिंग से काम नहीं चलते, सामाजिक परिवर्तन जो होते है, वह कानूनी शब्दों से नहीं होते हैं बल्कि जनता की आत्मा की आवाज से होते रहते हैं। वैसे तो कानून अंग्रेजों ने भी बनाए थे, लेकिन चले नहीं क्योंकि आत्मा इस देश की बिगड़ गयी कि हम लड़ेंगे इसके खिलाफ कानून तोड़ देंगे, जो कानून हमारी स्वतंत्रता के मूल्यों और सिद्धांतों के खिलाफ है और एक दफा नहीं दस दफा गांधी जी ने इन्हें तोड़ा। तो मैं नहीं चाहता कि ऐसे कानूनों को आप हौवा बनाकर रखें कि डिक्शनरी देखिए कि "ए" के मायने क्या होता है या "बी' के मायने क्या होता है । प्रश्न यह है कि ट्रेड यूनियन के संगठनों पर इसका क्या असर होगा। जैसा कि आपने सोचा—शाहबानों के कस में 125 धारा का असर सारे मुस्लिम समाज पर पड़ा, लेकिन जो बिना बोले रहने वाले थे उन पर कोई असर नहीं पड़ा बल्कि जो बोलने वाले थे उन पर बहुत असर हो गया और हल्ला किया गया कि मुस्लिम समाज पर यह अन्याय हो रहा है। हो गया क्या ? सही भी हो सकता है या गलत भी हो सकता है, लेकिन तुरन्त आपने उसे बदल दिया। तो क्या हम इन सभी बीस लाख मजदूरों और नए आने वाले मजदूरों के लिए कुछ करने वाले नहीं हैं ।

महोदया, दूसरी बात यह है कि यह बात भी आप सोच में रखिए कि पब्लिक अण्डरटेकिंग वाले और सरकार जिस रवैये को अख्तियार कर रही है, उससे ज्यादा बिगड़े हुए प्रायवेट सेक्टर वाले है। उनको ज्यादा छूट मत दीजिए। एक बात मैं इस संबंध में कहना चाहता हूं, अभी चार-पांच दिन पहले यहां एक सवाल आ या था और यह सवाल था कि पोस्टल डिपार्टमेंट में कोई इलैक्ट्रानिक मशीन बैठा रहे हैं और इस बारे में बार-बार यह सवाल पूछा गया कि इससे कितने लोगों को आप सर्विस से निकाल रहे हैं और बार-बार यही कहा गया कि जितने लोग बैठे है, उनको हम रखने वाले है, लेकिन यह नहीं कहा कि नए लोग लेते है। मैं तो यह कहूंगा कि एक अविवेकपूर्ण यांत्रिकीकरण इस देश में हो रहा है। इनडिस्क्रिमिनेट मैकेनाइजेशन और सोफिस्टिकेशन जो हो रहा है, इसका असर तमाम हमारे देश की बेरोजगारी पर होगा। एफ०सी०आई० के बारे में हमने सुना कि वालण्टरी रिटायरमेंट शुरू हो गया है और थोड़ी संख्या में नहीं बल्कि बहुत लोगों का वालण्टरी रिटायरमेंट कर रहे हैं। तो यह एक हथियार बन जायेगा 311(2) जिसके कारण जिसको नौकरी से निकालना है, उसको निकाल दीजिए। आज भी एम्पलायमेंट में वालण्टरी रिटायरमेंट सर्विस बहुत जगह आयी है, आप यह न सोचिए कि सिर्फ यह एफ०सी०आई० में ऐसा है। एफ०सी०आई० का तो अलग है, अगर मझे सवाल करने का मौका मिलता तो उनसे पूछ लेता। लेकिन यह सिर्फ एफ० सी०आई का नहीं है और भी कई संस्थानों में, प्रतिष्ठान में यह बात चल रही है कि लोग अगर जल्दी घर जाने के लिए तैयार है तो उनको दीजिए क्योंकि आप जो यंत्र ला रहे है उनमें इनकी जरूरत नहीं है। नए लोगों को ले नहीं सकते है क्योंकि बैन है और इसी कारण पिछले दो-तीन साल से किसी को लिया नहीं। हमारी राजभाषा के लिए भी लोग चाहिए, जब लेने की बात आती है तो सरकारी अधिकारी उसी की ओर अंगुली दिखा देते है और ले नहीं रहे हैं। इसलिए में कहता हूं कि एक और हथियार बनेगा यह लोगों को विक्टीमाइज करके लोगों को घर भेंजने का। इसलिए यह अधिकार हम नहीं चाहते कि आप लें ।

महोदया, में कहता हूं कि इसको आप सिर्फ कानूनी तौर पर न लें, कानूनी

कानूनी तौर पर न सोचें, यह भी मत सोचिए कि मैं विरोधी दल की तरफ से आमने सामने इसे पेश कर रहा हूं। इसको मैं एक शुद्ध, एक अधिक स्वस्थ लोकतांत्रिक प्रक्रिया के लिए आवश्यक मानता हूं और इसको स्वस्थ रखने के लिए जो कुछ भी खामियां हमारे मन में या हमारे दिमाग में आयी होंगी या सूझी होंगी, जो शायद कानून के न समझे हुए मन में आयी होंगी उसको दुरूस्त करना एक लोकतांत्रिक व्यवस्था का काम है और हम उस लोकतांत्रिक व्यवस्था के सबसे ज्यादा हामी है ऐसा मैं मानता हूं। इसलिए मेरा आप सबसे अनुरोध है कि जो मैंने संशोधन विधेयक प्रस्तुत किया है वह बहुत ही सिंपल है। इसमें यही कहा गया है कि 311 (2) और 311 (3) तो है उसको हटा दिया जाए 311 (1) को आप उसमें रहने दीजिए। मैं यह चाहता हूं कि इसके लिए इतनी मांग है कि उसको आपको दूरूस्त करना चाहिए। इसलिए उसको आप रिड्राफट करें तो उससे भी यह हो सकता है, ऐसा कानूनी विषेशज्ञों की राय से हो सकता है। अगर वे सुझाव दें कि 311 (2) में यह परिवर्तन करने से हमें जिस ध्येय की तरफ जा रहे हैं वह ध्येय पूर हो सकेगा तो मुझे इसके लिए खुशी होगी। इसलिए मैं आपसे इसमें संशोधन करने के लिए निवेदन करना चाहता हूं कि 311 (2) में क्या परिवर्तन लाएं कि जिससे सब लोग, सारे मजदूर इसका स्वागत करें। इस दृष्टि से आप इस संशोधन की तरफ देखिए।

यही कहकर मैं यह संशोधन विधेयक सदन में चर्चा के लिए प्रस्तुत कर रहा हूं।

The question was proposed.

THE DEPUTY CHAIRMAN: Now, Mr. Madan Bhatia.

SHRI MADAN BHATIA (Nominated): Madam Deputy Chairman, Jesus Christ on the Cross had said: "Father, forgive them; they know not what they do." Dr. Bapu Kaldate does not seem to know what he is doing.

SHRI KALPNATH RAI: Right.

SHRI MADAN BHATIA: Madam, I have never come across in my short parliamentary career a Statement of Objects and Reasons of a Bill which is so totally at variance with the contents of the Bill. The speech, of course, runs along the Statement of Objects and Reasons. But, so far as the Bill is concerned, this is not only totally irrelevant, but is also completely contradictory to the Statement of Objects which the honourable Member has moved.

Madam, the Statement says:

"The recent judgment of the Supreme Court on article 311(2) of the Constitution of India upholding the right of the Government to dismiss or remove from service or reduce in rank a civil servant without an inquiry or without giving him a chance of being heard will reduce the status of the civil servants."

This has been the refrain of the speech of the honourable Member that as a result of the existing provisions, namely, article 311(2) and its exposition by the Supreme Court, government servants can be dismissed without any opportunity of being heard. So, the honourable Member has proposed that article 311(2) should be deleted. Now, let us go to clause (2) of article 311 and see what it says. Article 311(2) says:

"No such person..." —namely, the Government servant—" ...as aforesaid shall be dismissed or removed or reduced in rank except after an inquiry in which he has been informed of the charges against him and given a reasonable opportunity of being heard in respect of those charges."

[The Vice-Chairman (Shri M. P. Kaushik) in the Chair].

Now, Sir, the Bill says that Clause (2) shall be omitted. Are you really serious about omitting clause (2), Mr. Kaldate?

DR. BAPU KALDATE: I am serious and I want redrafting of it. That is what I have said.

श्री कल्पनाथ राय : देखिये मानसिक दिवालियापन... (व्यवधान)

SHRI MADAN BHATIA: You have not said it. Can redrafting be done at this stage?

SHRI KALPNATH RAI: No.

SHRI MADAN BHATIA: I am respectfully submitting, Sir,....

SHRI GHULAM RASOOL MATTO (Jammu and Kashmir): Sir, this is a Private Member's Bill. Mr. Bhatia, this is a Private Member's Bill. I would like Mr. Bhatia to enlighten us on the legal aspects of the Supreme Court judgment. That is what I want. (*Interruptions*).

SHRI MADAN BHATIA: That is what I am going to do.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI M. P. KAUSHIK): Please address the Chair; do not address him.

SHRI GHULAM RASOOL MATTO: Let him explain the legal aspects, Sir. (*Interruptions*).

SHRI MADAN BHATIA: I am doing exactly the same thing, Sir.

Sir, the honourable Member says clause (2) shall be omitted. This is what he says in the Bill. In fact, Sir, it is clause (2) alone which is helpful.

DR. BAPU KALDATE: It provides for something more and therefore, there is a contradiction and that is why I want redrafting of it.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI M. P. KAUSHIK): Mr. Kaldate, why do you speak while sitting?

SHRI MADAN BHATIA: I respectfully submit that it is only clause 2 contained in this Constitution, article 311, by virtue of which a Government servant has been given the constitutional guarantee and protection of hearing before any action is taken against him regarding dismissal, removal or reduction in rank. And if you omit clause 2, if you pass this Bill, that would mean the constitutional protection and the guarantee which has been enshrined in article 311 will stand omitted. And the Government servant will be left totally forlorn so far as the constitutional protection is concerned. I respectfully submit, Sir, that this may be a Private Member's Bill but I should have expected a little more seriousness from the hon. Member in proposing to amend the Constitution before moving this Bill. The Constitution is a sacred document. It was given to us by the founding fathers of India. If you want to amend the Constitution you have to spend days and nights in studying the rationale of any particular provision which you want to be amended. Here is an hon. Member who comes forward with this Bill seeking to amend article 311, without having read article 311.

SHRI KALPNATH RAI: He will apologise.

SHRI MADAN BHATIA: Secondly, the hon. Member says that this provision was introduced in 1975 during the emergency. He also quotes Tulsiram Patel's case. All that I can say, Sir, is that the hon Member has been briefed with regard to a few particular paragraphs from that judgment but has not read the judgment. This provision, article 311(2), as is stands today was introduced by the founding fathers of the Constitution in 1950 when this Constitution was adopted after a long and arduous debates in the Constituent Assembly, and this provision was introduced on the basis of section 241 of the Government of India Act, 1935. The whole provision was lifted and incorporated in the Constitution after a thorough deliberation by the founding fathers

of the Constitution. Article 240 is identical with article 311(2) of the Constitution. (*Interruption*) I will come to (3). So to say that this amendment should be deleted because it was introduced during emergency is nothing but travesty of truth.

Thirdly, Sir, in the Aims and Objects the hon. Member says that the ruling of Supreme Court will definitely stop the flow of efficient and highly qualified persons into public services and they may go to foreign countries. So the assumption is that these Government servants and public servants enjoy greater protection in Britain and the United States, these democracies, than in India. I wish he had spent a little more time in studying Tulsiram Patel's Judgement in the Supreme Court. In that very judgment he would have come across the whole detailed position expounded by the Supreme Court as regards the civil servants in the United Kingdom. In the United Kingdom there is absolutely no constitutional or statutory guarantee so far as Go-

They hold their office at the pleasure of the Crown and they can be dismissed at will. I will draw the attention of this hon. House to the position in Great Britain. In England, except where otherwise provided by statute, all public officers and servants of the Crown hold their appointments at the pleasure of the Crown. When a person holds office during the pleasure of the Crown, his appointment can be terminated at any time without assigning any cause. In 1970, the House of Lords held: "It is now well established in British constitutional theory at any rate, as it has developed since the 18th century, that any appointment as a Crown servant, however subordinate, is terminable at will unless it is expressly otherwise provided by legislation." And the hon. Member thinks that if you take away the protection of Clause (2) of Article 311, they will go to Britain to enjoy greater protection.

4 P.M.

The hon. Member has quoted Challapan's case and said that the Supreme Court has reversed Chillapan's case inasmuch as in this case the Supreme Court said that here was a man whose services were terminated because he was not affored any opportunity of being heard. Now, this is nothing but an example again of ignorance on the part of the hon. Member with regard to Chellapan's case. In Challapan's case, on the other hand, the Supreme Court intervened on the ground that although the inquiry was not held and it might not have been held at all, but the circumstances were such that they did not warrant the dismissal of the Government servant and imposition of a major penalty and it was incumbent upon the disciplinary authority to take into consideration the entire conduct of the Government servant, surrounding circumstances and the nature of the misconduct that he had committed before coming to the conclusion that his services were required to be terminated without any inquiry. It was only by way of passing observation that the Supreme Court held that when a Government servant's service is terminated, he should also be heard. This *obiter dicta* of the Supreme Court in Chellapan's case came up for consideration in Tulsi Ram's case. In Tulsi Ram's case, the whole question was gone into in detail. Tulsi Ram Patel made history in the Supreme Court by taking recourse to proviso to Article 311(2), not to Article 311(2) but to proviso to Clause (2) of Article 311. Tulsi Ram Patel was a permanent Auditor of the Civil Defence Accounts Department of the Government of India posted at Jabbalpur. His increment was stopped for one year by the Controller of Defence Accounts. When he received the orders, he goes into the room of his superior officer. He says "Why has my increment been stopped?" His superior officer replies: "I have no authority to stop your increment." Now, Tulsi Ram Patel

[Shri Madan Bhatia]

